**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**आधारशिला**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ऐतिहासिक एलर्जली भवन के दूसरे चरण की आधारशिला रखी। करीब 19 करोड़ 72 लाख रूपए की अनुमानित लागत से बनने वाले इस भवन का कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है। परियोजना के तहत 6 मंज़िला भवन बनाया जाएगा जिसमें 3 मंज़िलें पार्किंग के लिए, दो मंज़िलों में सचिवालय कार्यालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस परियोजना के पूरा होने से जहां सचिवालय परिसर में भीड़ कम होगी वहीं आम लोग आसानी से अपने कार्य करवा सकेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

**समीक्षा**

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर के सब्ज़ी मण्डी क्षेत्र में प्रस्तावित नए भव्य परिसर को लेकर चर्चा की। इस परिसर में नगर निगम कार्यालय सहित शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल, आवासीय फ्लैट, दुकानें और पार्किंग सहित कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना के पहले चरण के लिए करीब 2 सौ करोड़ रूपए की राशि प्रदान करेगी। उन्होंने अधिकारियों को पहले चरण का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए।

**भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में भी झण्डा फहराया गया। इस दौरान भाजपा के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित भाजपा के अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और 21 राज्यों में भाजपा व एन.डी.ए. की सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में

करीब 60 साल के संघर्ष के बाद तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है जो पार्टी के लिए गौरव की बात है। ऐसे में पार्टी की नींव रखने वाले नेताओं की कुर्बानियों को आज याद और नमन किया जा रहा है।

**भाजपा–बधाई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके कड़े परिश्रम, संघर्ष और पार्टी को खड़ा करने के लिए किए गए त्याग के लिए धन्यवाद दिया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए को दोगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि किराए में वृद्धि करने से गरीब और मध्यम वर्ग पर बोझ पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी 10 गारंटियों को भूल कर लगातार जनविरोधी निर्णय ले रही है जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में 2 सौ 88 और विपक्ष में 2 सौ 32 वोट पड़े थे। राज्यसभा में एक सौ 28 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान दिया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2025 को भी स्वीकृति दे दी है।

**प्रतिनिधिमंडल**

कुल्लू ज़िले के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बुद्धि सिंह ठाकुर को मिल्कफैड का अध्यक्ष नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है जिसमें मिल्कफैड अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

**रामनवमी**

देशभर में आज रामनवमी धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक है।

..............................................